अजमेर मंडल के 18 स्टेशनों पर रेल जनसंवाद हुआ

■ मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतडा ने अजमेर स्टेशन पर यात्रियों से किया सीधा संवाद, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं को लेकर जाने सुझाव

अजमेर। रेलवे की सेवाओं को बेहतर बनाने और यात्रियों की समस्याओं को जानने के उद्देश्य से 22 अक्टूबर 2026 को अजमेर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के तहत रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के अंतर्गत अजमेर मंडल के 18 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को समझना तथा उनके आधार पर यात्री सुविधाओं में आवश्यक सुधार करना रहा।

अजमेर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह 11 बजे मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतडा ने यात्रियों से सीधे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से रेलवे की सेवाओं, स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। साथ ही यात्रियों को अपनी बात रखने और सुविधाओं में सुधार के लिए सुझाव देने का अवसर प्रदान किया गया।

रेल जनसंवाद के दौरान यात्रियों ने रेलवे की सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें अच्छा बताया। यात्रियों की प्रतिक्रियाओं और सुझावों के माध्यम से रेलवे की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस तरह के संवाद से यात्रियों और रेलवे प्रशासन के बीच सीधा संपर्क स्थापित होता है, जिससे यात्रियों की वास्तविक जरूरतों को समझने में मदद मिलती है। विशेष अभियान 6.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छता को भी प्रमुख विषय के रूप में शामिल किया गया। रेलवे स्टेशनों पर साफ-सफाई बनाए रखने, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाओं में सुधार करने पर जोर दिया गया। रेल जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य केवल यात्रियों की राय जानना ही नहीं, बल्कि उनके अनुभवों और सुझावों के आधार पर रेलवे की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना भी है। अजमेर मंडल के 18 प्रमुख स्टेशनों पर एक साथ यात्रियों से संवाद की यह पहल यात्री सुविधाओं में सुधार और रेलवे सेवाओं के प्रति विश्वास मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संभागीय आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ संभागीय आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

अजमेर, । पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के मतदान के दौरान गुरुवार को अजमेर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड एवं पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज डॉ. रवि ने संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतदाताओं के साथ वार्तालाप कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भूमिका निभाने का आठाह किया।

संभागीय आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने श्रीनगर, सावर, केकडी एवं सरवाड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने श्रीनगर, दिलवाडा, गुलगांव, भाण्डावास, मोलकिया, ताजपुरा एवं गोयला के मतदान बूथों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा मतदान दलों से मतदान की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, मतदान दलों की व्यवस्थाओं तथा आवश्यक संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

उन्होंने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के समय मतदान दलों के साथ वार्तालाप किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के उपरान्त ही मतदान करवाया जाए। मतदाताओं की पहचान आयोग के द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर की जानी चाहिए।

उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। मतदान सामठी की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान सामठी को जमा करते समय विशेष सावधानी बरते। मतदान दलों के कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग

उदयपुर, (कास)। बांसवाड़ा जिले में स्थित मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग को लेकर राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उदयपुर (शहर) को ज्ञापन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। ज्ञापन में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजस्थान के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर के माध्यम से मानगढ़ धाम को अविलंब राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने तथा इसकेऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के अनुरूप संरक्षण और विकास सुनिश्चित करने की मांग की गई।

राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के महामंत्री वीरेन्द्र प्रकाश पंचौली ने बताया कि ज्ञापन में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया गया है। गोविंद गुरु के नेतृत्व में संचालित भगत आंदोलन ने जनजातीय समाज में जागृति, सामाजिक सुधार, स्वाभिमान और राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। 17 नवंबर 1913 को मानगढ़ पहाड़ी पर अंग्रेजी शासन द्वारा की गई गोलीबारी में बड़ी संख्या में जनजातीय महिलाए पुरुष एवं बाल आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया।

नाम परिवर्तन

नाम परिवर्तन मैंने अपना नाम BHAVANA GUPTA **से बदलकर** BHAVNA GUPTA **पत्नी श्री अंकुर खंडेलवाल रख लिया है भविष्य में सभी उद्देश्य हेतु इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पता 508A/25पुलिस चौकी के सामने रामगंज अजमेर राजस्थान**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान विक्रम सिंह गौड़ सुपुत्र श्री मोहन सिंह गौड़ निवासी 462/51 ईदगाह कॉलोनी नम्रता पब्लिक स्कूल रातीढांग वैशाली नगर अजमेर के राजस्व ग्राम चौरसियावास के खसरा संख्या 1467 1466 1467 पुराने तथा 1468 1470 1471 1472 1473 1470/2113 नया में स्थित भूखंड जिसका कुल क्षेत्रफल 206.66 वर्गगज है के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवही कर दी जायेगी।

- उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

धर्मकांटों पर विधिक माप विज्ञान विभाग की कार्रवाई

नागौर,।उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और तौल-माप में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग, नागौर की ओर से गुरुवार को शहर में धर्मकांटों की आकस्मिक जांच का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तीन धर्मकांटों पर तौल एवं माप उपकरणों की जांच की गई।

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभाग ने दो प्रकरण दर्ज किए तथा कुल 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य तौल-माप में निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकना है। उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा तथा तौल-माप व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए धर्मकांटों एवं अन्य तौल उपकरणों की आकस्मिक जांच का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ।

एस.एम. लोढा फाउंडेशन अजमेर में प्रस्तुत करेगा उस्ताद शुजात खान की संगीत संध्या

अजमेर। एस.एम. लोढा फाउंडेशन की ओर से अजमेर में पहली बार भारतीय शास्त्रीय संगीत की विशेष संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद शुजात खान साहब अपनी प्रस्तुति देंगे। 'ए डैज़लिंग सिम्फनी ऑफ सितार एंड गजल्स' शीर्षक से आयोजित यह कार्यक्रम शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 को शाम 7 बजे राजीव गांधी सभागार, राजकीय बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन, जयपुर रोड, अजमेर में होगा। उस्ताद शुजात खान साहब भारत के प्रतिष्ठित सितार वादकों में शामिल हैं। वे इमदादखानी-एतावा घराने के प्रमुख प्रतिनिधि हैं। वे महान सितार वादक उस्ताद विलायत खान साहब के पुत्र एवं शिष्य हैं। शुजात खान सात पीढ़ियों से चली आ रही समृद्ध संगीत परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपनी भावपूर्ण कला और विशिष्ट शैली के लिए पहचान रखने वाले शुजात खान ने देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुतियां दी हैं। एस.एम.लोढाफाउंडेशन की इस पहल का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत को बढ़ावा देना और उत्कृष्ट कलाकारों के माध्यम से अजमेर के लोगों को उच्चस्तरीय सांस्कृतिक अनुभव उपलब्ध कराना है। इस संगीत संध्या में सितार वादन के साथ गजलों का भी आनंद लिया जा सकेगा।

11 दिवसीय दशहरा महोत्सव का धूमधाम से समापन

■ जवाहर रंगमंच पर रामलीला के अंतिम मंचन के साथ सजा राधा रानी का आकर्षक स्वरूप, फूलों की होली खेलकर श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ महोत्सव

अजमेर। नगर निगम की ओर से आयोजित 11 दिवसीय दशहरा महोत्सव का समापन धूमधाम और धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। जवाहर रंगमंच पर आयोजित रामलीला के अंतिम दिन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक और भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने, भरत से मिलन और राज्याभिषेक के प्रसंगों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रामलीला के मंचन के माध्यम से मर्यादा, त्याग, भाईचारे और धर्म की विजय का संदेश दिया गया।

महोत्सव के समापन अवसर पर राधा रानी की आकर्षक झांकी भी सजाई गई। रंग-बिरंगे फूलों और मनमोहक सजावट से सजी झांकी ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया।

इसके बाद फूलों की होली खेली गई। भक्ति और उल्लास से भरे इस आयोजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। फूलों की होली के दौरान उपस्थित लोगों ने धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लिया। नगर निगम की ओर से आयोजित इस 11 दिवसीय महोत्सव के दौरान शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जवाहर रंगमंच पर रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन से जुडे विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया गया। समापन दिवस पर राज्याभिषेक और भरत मिलाप जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों के मंचन के साथ रामलीला का विधिवत समापन हुआ।

NAME CHANGE

I PONGAYANIM Mother of Army No. 15167794K Rank- HAV (DS) Name- SANTHOSH KUMAR S Serving in Indian Army I have changed My name in My Son Army service record from PONGAYANIM to POONKAVANAM SUBRA-MANI Vide Affidavit No. CK 294165 Before Court Nasirabad.

NAME CHANGE

I, Jagreti Bafna, wife of Kamlesh Kumar Bafna, have changed my name to Jagreti Bafna wife of Kamlesh Bafna. Therefore, in the future, I should be known and identified by this new name in all my official and non-official documents.

- Jagreti Bafna, wife of Kamlesh Bafna, resident of Asind, District Bhilwara. 311301

एपस्टीन फाइल्स पर मोदी-शाह जवाब दें

■ जिलाकांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल व प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

अजमेर, । एपस्टीन फाइल्स से जुडे दस्तावेजों में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की तस्वीर और कथित संपर्क को लेकर उठ रहे सवालों पर अजमेर शहर जिलाकांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल व प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि संबंधित संपर्क की प्रकृति और उद्देश्य को लेकर पारदर्शी स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। नैतिक जवाबदेही के आधार पर हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी इस मामले में सरकार का पक्ष स्पष्ट करने को कहा। डॉ. जयपाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले भी एपस्टीन फाइल्स से जुडे मुद्दे पर सवाल उठा चुके हैं। अब सामने आए दस्तावेजों और तस्वीर को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब राजनीतिक बयानबाजी से नहीं, बल्कि प्रमाणित तथ्यों के आधार पर दिया जाना चाहिए। जनता को यह जानने का अधिकार है कि संबंधित संपर्क का वास्तविक संदर्भ क्या था और उपलब्ध रिकॉर्ड में दर्ज मुलाकातों तथा ईमेल के संबंध में क्या तथ्य सामने आए हैं। डॉ. जयपाल ने कहा कि राहुल गांधी, पवन खेडा और सुप्रिया श्रीनेत सहितकांग्रेस नेताओं ने इस मामले में सवाल उठाए हैं। इन दावों की मूल दस्तावेजों के आधार पर पुष्टि होनी चाहिए। केंद्र सरकार स्पष्ट करे कि संबंधित तथ्यों की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और कानून के दायरे में कौन-सी जानकारी सार्वजनिक की जा सकती है। क्या हैं एपस्टीन फाइल्स जेफरी एपस्टीन अमेरिका का एक वित्तीय कारोबारी था।

बीकानेर हाउस की फोटो प्रदर्शनी से तस्वीरें हटाए जाने पर कांग्रेस का हमला

अजमेर,। अजमेर शहर जिलाकांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार जयपाल व प्रवक्ता शैलेश गुप्ता ने दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड़ा की फोटो प्रदर्शनी से तस्वीरें हटाए जाने के मामले पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि जो सत्ता तस्वीरों से डरने लगे, वह जनता के सवालों का सामना करने की हिम्मत खो चुकी है। लोकतंत्र में असहमति को दबाना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सवाल खडे करना बेहद चिंताजनक है।

डॉ. जयपाल ने कहा कि आखिर तस्वीरों में ऐसा क्या था, जिससे उन्हें प्रदर्शनी से हटाने की नौबत आई? यदि किसी तस्वीर या कलाकृति से असहमति है, तो उसका जवाब तर्क और लोकतांत्रिक संवाद से दिया जाना चाहिए, न कि उसे हटाकर विचारों को दबाने का प्रयास किया जाए। भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि तस्वीरें हटाने का निर्णय किसने लिया और इसके पीछे क्या कारण थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता विपक्ष में रहते हुए लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद आलोचना और असहमति के प्रति उनका रवैया सवालों के घेरे में आ जाता है। डॉ. जयपाल ने कहा कि तस्वीरों को हटाने से विचार समाप्त नहीं होते और सवालों को दबाने से सच्चाई छिपती नहीं है। सरकार को अपनी आलोचना से डरने के बजाय जनता के सामने तथ्यों के साथ जवाब रखना चाहिए। कांठोस नेताओं ने मांग की कि फोटो प्रदर्शनी से तस्वीरें हटाए जाने के पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सार्वजनिक की जाए तथा कलाकारों, लेखकों और नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में अनुचित हस्तक्षेप नहीं होने दिया जाए।

जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ पथ संचलन का स्वागत

मसूदा,(निसं)। विजयदशमी एवं राष्ट्रीय सेवक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रीय सेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाकर चलते स्वयंसेवकों का अनुशासन समर्पण और राष्ट्रभक्ती देखते ही बन रही थी। भगवा ध्वज और घोष दल की ओजस्वी धुनों के बीच क्षेत्र का वातावरण राष्ट्रभक्ति में ओतप्रोत हो गया। संचलन आरंभ देदपुरा गांव के शिव मंदिर से हुआ समापन कानपुरा ठाम के हंसराम जी महाराज के मंदिर पर हुआ। ठाम देदपुरा कानपुरा के स्वयंसेवक ने बडी उत्सुकता के साथ भाग लिया। मसूदा खंड के रामगढ मंडल के अंतर्गत देदपुरा व कानपुर ठाम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संचलन

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1137 जाहिर आम सूचना दिनांक -08/10/2026

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ज-7 धौलाभाटा, अजमेर क्षेत्रफल 109.00 वर्ग. गज. मूल आवंटी श्री भगवान दास लखवानी पुत्र श्री दयाल दास को आवंटित कर उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री भगवान दास लखवानी पुत्र श्री दयाल दास द्वारा दिनांक 18.06.1990 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्री भगवान दास लखवानी पुत्र श्री दयाल दास की मृत्यु दिनांक 19.01.1991 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री अनिल लखवानी के पक्ष में मण्डल द्वारा दिनांक 06.04.2018 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री अनिल लखवानी पुत्र स्व. श्री भगवान दास द्वारा आवास का बैचान श्रीमती सुनीता पत्नि श्री रामचन्द व श्रीमती कान्ता भोजवानी पत्नि श्री राजेश भोजवानी को दिनांक 23.04.2018 को कर दिया गया। पुनः श्रीमती सुनीता पत्नि स्व. श्री रामचन्द व श्रीमती कान्ता भोजवानी पत्नि श्री राजेश भोजवानी द्वारा आवास का बैचान श्री भीम सिंह पुत्र श्री मदन लाल को दिनांक 22.06.2026 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2346 में पृष्ठ संख्या 50 क्रम संख्या 202603001104339 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 6377 के पृष्ठ संख्या 138 से 151 पर दिनांक 22.06.2026 को चस्पा किया गया है। अब श्री भीम सिंह पुत्र श्री मदन लाल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री भीम सिंह पुत्र श्री मदन लाल का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

जिला परिषद के लिए 29 व पंचायत समितियों में कुल 78 नामांकन दाखिल

ब्यावर (निसं) पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत तृतीय चरण के लिए 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को लोकसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने बताया कि तीसरे दिन जिला परिषद सदस्य के लिए 29 और जिले की चार पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए 78 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं।उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्य के दूसरे दिन 26 उम्मीदवारों द्वारा 29 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इसी प्रकार से जिले की चार पंचायत समितियों के निर्वाचन क्षेत्रों में से दूसरे दिन 73 उम्मीदवारों ने 78 नामांकन दाखिल किए हैं।

गौरतलब है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) दोपहर 3:00 बजे तक है। इसके बाद 24 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच (संवीक्षा) होगी तथा 26 अक्टूबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि तय की गई है।

मारपीट व लज्जाभंग के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

नसीराबाद। सिटी थाना क्षेत्र में मारपीट एवं लज्जाभंग के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीडिता लाजवंती ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिस पर लिखित रिपोर्ट के अनुसार उचित कार्रवाई नहीं करने तथा आरोपियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पीडिता द्वारा सौंपे ज्ञापन के अनुसार 21 अक्टूबर 2026 को कुछ लोग उनके घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट करते हुए कपडे फाड दिए तथा लज्जाभंग किया। इस दौरान उनकी बहन के साथ भी मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप है। पुलिस ने मामला दर्ज कर परिवार की तीन महिलाओं का मेडिकल भी कराया गया। पीडिता ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि घटना के समय घर पर कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था।

आरोपियों में सतीश पारचे पुत्र सोहन लाल, जिसे ज्ञापन में भारतीय जनता पार्टी के अजमेर देहात क्षेत्र से अनुसूचित जाति का जिला अध्यक्ष बताया गया है, सहित अन्य लोगों पर मारपीट व अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जमानत दे दी।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 25106260 दिनांक :- 16/10/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 29-30/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यो अनुमानित लागत राशि 48.83 लाख की ई-निविदा 29 क्रम संख्या (1) दिनांक 27.10.2026 एवं ई-निविदा 30 क्रम संख्या (1-2) दिनांक 27.10.2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** **http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada** पर देखा जा सकता है।

UBN: NIT 29 – AJD2627SSOB00164

NIT 30 – AJD2627WSOB00162 - 00164

अधिशाषी अभियन्ता
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

राज.संवाद/सी/26/12257

कार्यालय, प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद किशनगढ़, अजमेर

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./ कृ.भू.नि./2026/1772 दिनांक 21/10/2026

-: लोक सूचना :-

आवेदक श्री हरिश अग्रवाल पुत्र श्री अमृतलाल अग्रवाल निवासी 2 क्यू-7/8, आर.सी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ़ - अजमेर	फरासिया	157	6472.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 21/10/2026 को को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

जेएलएन अस्पताल में 21 वर्षीय युवती की रोबोटिक तकनीक से सर्जरी

21 वर्षीय युवती के हायटस हर्निया का रोबोटिक तकनीक से सफल ऑपरेशन।

अजमेर। जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल में चिकित्सा क्षेत्र की आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए 21 वर्षीय युवती के हायटस हर्निया का रोबोटिक तकनीक से सफल ऑपरेशन किया गया। युवती पिछले दो महीने से सीने में तेज जलन, खट्टी डकार, पेट दर्द और भोजन नहीं पचने जैसी समस्याओं से परेशान थी। दवाइयों से राहत नहीं मिलने और जांच में बीमारी की पुष्टि होने के बाद चिकित्सकों ने सर्जरी करने का निर्णय लिया।

लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जन डॉ. शिव कुमार बुनकर ने बताया कि युवती को सीने में जलन और पेट दर्द के साथ उल्टी जैसा महसूस होने तथा वजन कम होने की शिकायत भी थी। उसकी एंडोस्कोपी जांच कराने पर हायटस हर्निया का पता चला। शुरुआत में दवाइयों से उपचार किया गया, लेकिन अपेक्षित राहत नहीं मिलने पर डॉ. श्याम भूतडा के मार्गदर्शन में ऑपरेशन की योजना बनाई गई।

चिकित्सकों की टीम ने युवती की रोबोटिक निसेनफंडोप्लिकेशनसर्जरी की। इस प्रक्रिया में पेट के ऊपरी हिस्से को भोजन नली के निचले हिस्से के चारों ओर लपेटकर ऐसी व्यवस्था बनाई जाती है, जिससे पेट का अम्ल वापस भोजन नली में जाने से रोका जा सके।

इसके साथ ही डायाफ्राम के उस छिद्र की भी मरम्मत की गई, जहां से पेट का हिस्सा ऊपर की ओर खिसक गया था। रोबोटिक तकनीक से छोटे चीरे लगाकर ऑपरेशन किया गया। इससे सर्जरी को कम चीर-फाड वाली प्रक्रिया के रूप में पूरा किया जा सका।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया के अनुसार, ऑपरेशन के बाद युवती की स्थिति स्वस्थ है और उसकी रिकवरी तेजी से हो रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा (मां) योजना के तहत युवती का उपचारनिःशुल्ककिया गया।

पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

ाके बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। परेड द्वारा राइफल से फायर क

■ पुलिस लाईन ब्यावर में पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन

ब्यावर (निसं) वीर सपूतों के बलिदान को याद करने व उनसे प्रेरणा ठाहण करने के उद्देश्य से देश के हर पुलिस संगठन व संस्थान में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस पर परेड का आयोजन किया जाता है। आज से 67 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर 1965 को भारत-चीन सीमा पर लद्याख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों के मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिये थे।

इन वीरों का बलिदान भारतीय पुलिस के कार्यों की उच्चतम परम्पराओं का प्रतीक है, तथा कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करता है। आज 21 अक्टुम्बर को पुलिस लाईन ब्यावर में पुलिस शहीद दिवस पर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह द्वारा सम्पूर्ण देश में दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 31 अगस्त 2026 में मध्य शहीद हुए 154 वीर सपूतों के नामों का वाचन कर उनके योगदान को याद किया गया। पुलिस कर्मियों की परेड द्वारा शोक सस्त्र की मुद्रा में शहीदों को सम्मान दिया गया। उपस्थित अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों ने वीर सपूतों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। परेड द्वारा राइफल से फायर कर उनके अमूल्य बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, उप अधीक्षक पुलिस ब्यावर शहर नरेन्द्र पारीक एवं जिले के थानाधिकारी एवं संचित निरीक्षक पुलिस लाईन एवं जिले के सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों / कार्मिकों व उपस्थित कार्मिकों द्वारा पुष्प चक, माला व पुष्प चढाकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्व. डगरा राम सउनि के परिवारजनों का सम्मान किया गया। समाज के प्रति सेवा और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारीयों, सेवानिवृत पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस लाईन परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं इस अवसर पर पुलिस के सभी कार्यालयो एवं थानों पर साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया।

यह दिवस देश की आतंरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। साथ की यह पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को कर्तव्यनिष्ठा, साहस, सेवा एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक-नपकि/नाम हस्तान्तरण/2026/537 आम सूचना दिनांक-22.10.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सांवतसर के खसरा संख्या 540, 541, 542 पर स्थित राधाकृष्णा विहार कॉलोनी मदनगंज किशनगढ़ के आवासीय पर श्री सुरेश पाटनी पुत्र श्री कंवर लाल पाटनी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा है। निम्न भूखण्ड एवं भूखण्डों की सीमाएं निम्नानुसार है-

क्र.सं.	भूखंड सं.	क्षेत्रफल	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	84	183.33 वर्गगज	30 फीट आम रास्ता	भूखंड सं. 107	भूखंड सं. 85	भूखंड संख्या 83
2.	85	183.33 वर्गगज	30 फीट आम रास्ता	भूखंड सं. 106	भूखंड सं. 86	भूखंड संख्या 84
3.	110	258.88 वर्गगज	40 फीट आम रास्ता	ओपन लैंड एंड आवासीय कॉलोनी	भूखंड सं. 111	20 फीट आम रास्ता
4.	112	164.33 वर्गगज	40 फीट आम रास्ता	ओपन लैंड एंड आवासीय कॉलोनी	भूखंड सं. 113	भूखंड संख्या 111
5.	51 पार्ट 52 पार्ट	152.76 वर्गगज	भूखंड संख्या 26, 27	30 फीट आम रास्ता	भूखंड सं. 51 का पार्ट	भूखंड संख्या 52 का पार्ट
6.	113	164.33 वर्गगज	40 फीट आम रास्ता	ओपन लैंड	भूखंड सं. 114	भूखंड संख्या 112
7.	114	221.33 वर्गगज	40 फीट आम रास्ता	ओपन लैंड	30 फीट आम रास्ता	भूखंड संख्या 113

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करें बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

- आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़